हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती पर नगर में निकला भव्य चल समारोह



07 गोरिल्ला और भालू के रूप में कलाकारों ने किया नृत्य, कुशवाह...



खबर संक्षेप

केंद्रीय कार्यकारी सदस्य चुने गए डॉ एमके जैन



विदिशा। मप्र इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन 24-25 अक्टूबर को सागर की दीपाली होटल में आयोजित किया गया। विदिशा आईएमए शाखा द्वारा जन हितैषी स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए विदिशा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एमके जैन को सर्व सम्मति से मध्यप्रदेश से केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। साथ ही विदिशा शाखा से डॉ सुरेन्द्र सोनकर को एमपी आईएमए का जोनल चेयरमैन चुना गया। साथ डॉ सुषमा निगम को मप्र का सर्वश्रेष्ठ जोनल चेयरपर्सन तथा डॉ नीति अग्रवाल, डॉ राजीव जैन, डॉ राहुल जैन, डॉ महेंद्र रघुवंशी को प्रेसिडेंशियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। विदिशा आईएमए अध्यक्ष डॉ सिम्मी रघुवंशी, डॉ धर्मेन्द्र रघुवंशी, सचिव डॉ महेंद्र रघुवंशी, कोषाध्यक्ष डॉ सुधीर जैन ने उन्हे बधाई दी है।

सोनी समाज ने मनाई महाराज अजमीढ़ जयंती

विदिशा। स्वर्णकार समाज के आदिपुरुष हस्तिनापुर नरेश 1008 महाराजा अजमीढ की जंयती के अवसर पर उनके चित्र पर



माल्यार्पण पर आरती की गई। इसके पश्चात खीर प्रसादी वितरण किया गया । जिसमें पुरूष, महिलाएं उपस्थित रहीं। मैंढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज समाज के जिलाध्यक्ष राकेश सोनी, राजेश सोनी खुबाल, नगर अध्यक्ष मुकेश सोनी, दीपक भंवर, नरेन्द्र सोनी, मुकेश सोनी सावन, नीलेश सोनी, विजय सोनी, किशोर सोनी, लोकेश सोनी, अरविंद सोनी, जुगलकिशोर सोनी, संजय सोनी, शुभम सोनी, केशव सोनी, तरूल सोनी,सूरज सोनी, विजय सोनी, कृष्णा सोनी सहित अनेक महिलाएं पुरूष उपस्थित रहे।

गोवंश आधारित जैविक कृषि में बालकृष्ण को मिला द्वितीय पुरस्कार

विदिशा। नटेरन तहसील के ग्राम ग्राम पमारिया निवासी बालकृष्ण



विश्वकर्मा को गोवंश आधारित जैविक कृषि के क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्वर्गीय प्रभाकर राव केलकर स्मृति में आयोजित पुरस्कार समारोह में उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की जैविक कृषि से भारतीय कृषि परंपरा को मजबूत करने के साथ पर्यावरण संरक्षण और पशुधन के संवर्धन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रख्यात गांधीवादी डॉ एसएन सुब्बाराव की पांचवी पुण्यतिथि पर गूंजा जय जगत का नारा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

देशभर से आए युवाओं ने एकत्रित होकर अनुशासित ढंग से जब विदिशा में सद्भावना रैली निकाली तो शहरवासी देखते ही रह गए। शहर की सड़कें जय जगत के नारे से गूंज उठी और राष्ट्रीय एकता की एक अलग ही झलक देखने को मिली।

प्रख्यात गांधीवादी डॉ एसएन सुब्बाराव की पांचवी पुण्यतिथि पर सेंटमेरी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय एकता एवं सदभावना कैंप के रूप में विदिशा में हो रहा है। जिसमें देशभर से आए युवा शामिल हुए और सोमवार को नगर के मुख्य मार्गों से सद्भावना रैली निकाली गई। रैली में शामिल युवा अपने-अपने राज्यों की तख्तियां लिए चल रहे थे। यह रैली सेंटमेरी कॉलेज से शुरु होकर पीतलमिल, अंबेडकर प्रतिमा होते हुए कलेक्ट्रेट बंगला से गांधी प्रतिमा पहुंची। जहां से सद्भावना रैली तिलक चौक पहुंची और मेन रोड निकासा होते हुए



नगर के मुख्य मार्ग से निकाली रैली

माधवगंज जयप्रकाश मंच पहुंचकर सर्वधर्म प्रार्थना सभा में तब्दील हो गई। इस मौके पर गांधीवादी विचारक डॉ सुब्बाराव के योगदान और उनके जीवन के बारे में बताया गया। चंबल के 654 डाकुओं का आत्म समर्पण कराने से लेकर मुंगावली की खुली जेल में रखकर उनका जीवन सुधारने के लिए उनके साथ रहने के बारे में बताया।

जहां पर गांधी आश्रम वर्धा से आए जलंधर जी ने सर्वधर्म प्रार्थना में गाते हुए ले जा असत्य से सत्य की ओर, ले जा तमस से ज्योति की ओर गाते हुए संपन्न कराई। सर्वधर्म प्रार्थना की प्रस्तुति के दौरान राहगीरों के कदम भी ठहर गए और सुनने के लिए रास्ते रुक गए। मूलरूप से बताया गया कि सभी भारतवासी एक हैं। जाति, धर्म, भाषा, रूप, रंग और बोलियों के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। इस दौरान पदमश्री से सम्मानित प्रसिद्ध गांधीवादी इंडोनेसिया के इंद्रा उदामान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर ट्रस्ट के ज्वाइंट सेक्रेटरी अजय पांडे, गांधीवादी विचारक डॉ सुरेश गर्ग, प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी, डॉ राजेश बंसल, रामधीरज, अमरीश, जगदीश चौधरी, कमलेश दुबे, नरेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में देशभर से पहुंचे गांधीवादी मौजूद रहे।

अदभुत रही भारत की संतान प्रस्तुति



जयप्रकाश मंच पर ही भारत की संतान कार्यक्रम के तहत देशभर के अलग राज्यों की झलक दिखाते हुए सुंदर प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। दर्शक तालियां बजाने से अपने आप को रोक नहीं सके। राष्ट्रीय सेवा योजना ट्रस्ट के माध्यम से दोपहर के समय बौद्धिक सत्र में देशभर से पहुंचे गांधीवादियों ने अपने विचार व्यक्त किए। शहर के वरिष्ठ नागरिक सुखदेव लड्ढा ने ध्वजारोहण किया।

कार्यकर्ताओं ने कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया

मोदी के दिवंगत पिता पर कथित टिप्पणी के विरोध में माधवगंज चौराहे पर पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विधायक बोले: राजनीतिक मतभेद अलग, दिवंगत परिजनों के प्रति सम्मान जरूरी



विदिशा। माधवगंज पर पुतला दहन से पहले नारेबाजी करते हुए विधायक मुकेश टंडन सहित भाजपा कार्यकर्ता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता के प्रति कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा कथित रूप से की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने माधवगंज चौराहे पर पुतला दहन किया। इसके पहले भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से लेकर प्रादेशिक नेताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे को आड़े हाथों लेते हुए सोशल मीडिया पर निंदा करते हुए जमकर ट्रोल किया।

विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी के परिवार और दिवंगत परिजनों के प्रति सम्मान बनाए रखना सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा, संवेदनशीलता और आपसी सम्मान का ध्यान रखा जाना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विधायक ने आरोप लगाया कि सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस लगातार ऐसे मुद्दे उठा रही है। उन्होंने कहा कि जनता राजनीतिक घटनाक्रम को समझती है और आने वाले चुनावों में इसका जवाब देगी। मर्यादित राजनीतिक संवाद का संदेश पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कथित बयान के प्रति विरोध जताया और राजनीतिक विरोध के बावजूद व्यक्तिगत तथा पारिवारिक सम्मान बनाए रखने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने कांग्रेस की राजनीतिक कार्यशैली की आलोचना करते हुए आगामी चुनावों में जनता से भाजपा के पक्ष में समर्थन मिलने का विश्वास जताया।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज पांडे, विजय जैन, रामनारायण विश्वकर्मा, सुरेंद्र चौहान, दिनेश कुशवाहा, प्रशांत खत्री, अंकित दुबे, प्रतीक कंग, संतोष पेंटर, सुनील साहू, रामप्रसाद पासी, विनीता राय, सागर मीणा, विकास भट्ट, कौशल मांझी, प्रमोद जैन, लियाकत खान, मोहन पटवा, भरत रागी, शिवेंद्र दांगी, पप्पू मंत्री, सोनू विश्वकर्मा, राजू रैकवार और रघुवीर सेन सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस को घेरा

कार्यक्रम के दौरान विधायक मुकेश टंडन ने कांग्रेस द्वारा वोट चोरी के लगाए जाने वाले आरोपों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है। यदि चुनावों में वोट चोरी हुई है, तो उन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें कैसे बनीं, जहां उसके विधायक और सांसद निर्वाचित हुए हैं। टंडन ने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस चुनाव जीतती है, वहां चुनाव प्रक्रिया पर सवाल नहीं उठाए जाते, जबकि भाजपा की जीत पर चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर आरोप लगाए जाते हैं।

सेवा के बदले मिली जमीन का मालिकाना हक मांगा

मांगों को लेकर कोटवार हड़ताल पर



विदिशा। अधिकारों के लिए अनिशिचितकालीन हड़ताल पर बैठे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वर्दी का पैसा सीधे खाते में भेजने, मिली जमीन का मालिकाना हक देने और सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग को लेकर जिलेभर के कोटवार बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेश कोटवार संघ के आह्वान पर शुरू हुए इस आंदोलन के तहत कोटवार तहसील कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लंबे समय से आवाज उठाने के बावजूद सरकार उनकी जायज मांगों को नजरअंदाज कर रही है।

'खाते में भेजें वर्दी का पैसा, घटिया कपड़ों से परेशानी'

धरने पर बैठे कोटवारों ने बताया कि पहले सरकार वर्दी का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर करती थी, जिससे वे अपनी पसंद और सही नाप का कपड़ा खरीदकर सिलाई करवा लेते थे। लेकिन अब शासन से जो सिली-सिलाई वर्दियां बांटी जा रही हैं, उनकी क्वालिटी बेहद खराब है। कोटवारों की मांग है कि पुरानी व्यवस्था बहाल कर पैसे सीधे खाते में भेजे जाएं, ताकि वे ड्यूटी के दौरान पहनने लायक अच्छी वर्दी सिलवा सकें।

आवंटित जमीन का मिले मालिकाना हक

कोटवारों की दूसरी मांग शासन द्वारा दी गई जमीन का भूमिस्वामी (मालिकाना) हक दिलाने की है। उनका कहना है कि जो जमीन उन्हें मिली है, उस पर कानूनी अधिकार मिलना चाहिए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इसके साथ ही वे लंबे समय से नियमित सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की भी गुहार लगा रहे हैं, ताकि उन्हें अन्य कर्मचारियों की तरह सुविधाएं मिल सकें।

रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आगामी रबी मौसम में किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज सहजता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न रबी फसलों के बीज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा बीज की उपलब्धता की निरंतर समीक्षा की जा रही है, ताकि किसानों की मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप समय पर बीज उपलब्ध कराया जा सके।

प्रदेश स्तर पर शासकीय एवं अधिकृत संस्थाओं के पास रबी फसलों के बीज का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। किसानों की आवश्यकता के अनुसार बीज की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विभाग द्वारा जिलावार एवं संस्थावार स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। विदिशा जिले में रबी वर्ष 2026-27 के लिए किसानों की आवश्यकतानुसार प्रमाणित एवं आधार बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार बीज निगम, बीज संघ एवं राष्ट्रीय बीज निगम के माध्यम से जिले में विभिन्न फसलों का बीज उपलब्ध कराया गया है। जिले में मटर के 12 क्विंटल, गेहूं के 85 हजार 748 क्विंटल, चना के 11 हजार 555 क्विंटल, सरसों के 361 क्विंटल, मसूर के 3 हजार 870 क्विंटल तथा अलसी के 147 क्विंटल बीज किसानों के लिए उपलब्ध है।

लाइसेंसधारी से खरीदें बीज पक्का बिल लें

विदिशा। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे रबी फसलों की बुवाई के लिए बीज केवल अधिकृत विक्रय केंद्रों एवं संबंधित सहकारी संस्थाओं से ही क्रय करें। बीज खरीदते समय किसान बीज के टैग, बिल एवं वैधता अवधि की जांच अवश्य करें। साथ ही निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बीज विक्रय अथवा किसी अन्य प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर इसकी सूचना संबंधित जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों को दें। विभाग द्वारा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के साथ-साथ बीज की उपलब्धता, बिक्री एवं निर्धारित दरों की निगरानी भी की जा रही है।

विदिशा-सागर बायपास पर कार से टकराई स्कार्पियो, एयरबैग खुलने से जान बची

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विदिशा-सागर बायपास पर रविवार देर रात तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार के एयरबैग खुल गए, जिससे झारखंड निवासी दंपती की जान बच गई। ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

टक्कर में स्कार्पियो का नंबर प्लेट लगा बंपर गार्ड टूटकर सड़क पर गिर गया। कुछ देर बाद एक युवक उसे उठाने पहुंचा, जिस पर लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। कार सवार अंजू कुमारी ने बताया कि वे अपने पति के साथ मार्ट से सामान खरीदकर लौट रही थीं। उनकी कार धीमी रफ्तार में थी, तभी स्कार्पियो ने टक्कर मारी। एयरबैग खुलने से वे बच गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार ड्राइवर और बंपर गार्ड उठाने आए युवक दोनों की जांच कर रही है। स्कार्पियो ड्राइवर के शराब के नशे में होने की आशंका भी है।



जनगणना द्वितीय चरण की तैयारी की अपर कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



जनगणना द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की प्रक्रिया को सुचारू, व्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तर पर प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य के लिए जिला स्तर पर नियुक्त चार्ज लिपिक एवं तकनीकी सहायकों ने सहभागिता की। इस दौरान जनसंख्या गणना से संबंधित तैयारियों, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में बिंदुवार समीक्षा की गई।

बैठक में जनगणना निदेशक, मध्यप्रदेश से प्रशिक्षक दीक्षा केसरवानी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने जनगणना कार्य की प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनगणना द्वितीय चरण से संबंधित सभी प्रारंभिक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने कार्य में समन्वय बनाए रखने, तकनीकी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने तथा जनगणना से संबंधित दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्य की शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा गया कि निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनगणना का कार्य व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

29 को महिलाएं रखेंगी व्रत, चंद्रमा को अर्घ्य देकर करेंगी पति की दीर्घायु की कामना

रात 8:23 से 8:30 बजे के बीच होगा चंद्रोदय

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

इस वर्ष 29 अक्टूबर गुरुवार को सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना के साथ व्रत रखेंगी। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार इस बार करवा चौथ पर कई शुभ योग बन रहे हैं। चंद्रमा वृषभ राशि में उच्च का रहेगा, जबकि बुध-शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग और अन्य शुभ योगों का संयोग बनेगा।

पूजन और चंद्रोदय का समय

पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को किया जाता है। इस वर्ष चतुर्थी तिथि 28 अक्टूबर की रात 1:07 बजे से 29 अक्टूबर की रात 10:10 बजे तक रहेगी। रोहिणी नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। विदिशा में सिद्धांत गणना के अनुसार चंद्रोदय रात 8:23 से 8:30 बजे के बीच होने की संभावना है। व्रत के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले स्नान कर सोलह श्रृंगार करती हैं और निर्जला उपवास का संकल्प लेती हैं। शाम को भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय और चंद्रदेव का पूजन किया जाता है। चंद्रमा के दर्शन कर छलनी से चंद्र और पति को देखने के बाद अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला जाता है।



विदिशा। महिलाओं ने बाजार में करवे और सामग्री की खरीदी शुरू कर दी है।

छलनी व करवे का महत्व

मान्यता है कि छलनी से चंद्र दर्शन प्रेम की पवित्रता और पति की दीर्घायु की कामना का प्रतीक है। मिट्टी के करवे से चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है। पूजा के बाद करवे में चावल, दाल और सुहाग सामग्री रखकर सास को भेंट करने की परंपरा भी है।पंडित शास्त्री के अनुसार, करवा चौथ केवल उपवास नहीं, बल्कि पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास, त्याग और समर्पण का पर्व है। इस दिन माता गौरी की पूजा कर महिलाएं अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती हैं।

खबर संक्षेप

महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथियां मनाई गई

गंजबासौदा। शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में विभिन्न महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाकर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि आज शरद पूर्णिमा का त्यौहार, आचार्य विद्यासागर महाराज का जन्म दिवस, महर्षि बाल्मीकि जयंती है, जिन्होंने रामायण भी लिखी और मीराबाई की जयंती भी मनाई जो महान कृष्ण भक्त थी। वहीं देश के प्रखर पत्रकार स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने वाले गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रारंभिक शिक्षा विदिशा में हुई थी। इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी महान विशेषताओं को बतलाया उन्होंने कई पत्र लेखन किया। वहीं आचार्य विद्यासागर महाराज जिन्होंने जैन धर्म को और सर्व धर्म सम्भाव सामाजिक समरसता के सिद्धांत को को हिमालय जैसी ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। उनकी खूबियों के बारे मे भी में विस्तार से बतलाया, मीराबाई जो कि महान कवियत्री और कृष्ण भक्त थीं उनके जीवन को विस्तार से कुलदीप राजपूत, बलराम सिंह दांगी एवं उत्तम सोनी ने बतलाया। इस अवसर पर हर्षित, उत्तम सोनी, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

नगर में बार बार हो रही बिजली गुल



गंजबासौदा। इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर के अलग अलग वार्डो में बगैर सूचना के बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि दीवाली के चलते घरों, दुकानों में साफ, सफाई का दौर जारी है। विगत दो दिनों से पचमा बायपास क्षेत्र में सुबह से लेकर शाम तक कई बार बिजली प्रदाय बंद रही। जिसके चलते उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ा।

आचार्य सहित पूज्य संतों के अवतरण दिवस पर खीर का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं वर्तमान आचार्य भगवान 108 समयसागर महाराज के अवतरण दिवस तथा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में धर्म, भक्ति, सेवा और वात्सल्य के विविध आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुए। इस पावन दिन का महत्व और भी बढ़ गया, क्योंकि पूज्य मुनि सागर महाराज का भी अवतरण दिवस है, साथ ही, आर्यिका रत्नश्री 105 ज्ञानमती माताजी के अवतरण दिवस पर समाजजनों ने उनके शतायु जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर आचार्य श्री द्वारा शरद पूर्णिमा के दिन प्रदान की गई दस मुनिराजों की दीक्षा का स्मरण करते हुए उनके दीक्षा दिवस के प्रति भी श्रद्धा व्यक्त की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल मंदिर में मंगलमय अभिषेक, शांतिधारा से हुआ। इसी दिन आचार्य श्री द्वारा दस मुनिराजों को मुनि दीक्षा प्रदान किए जाने के पावन प्रसंग का स्मरण करते हुए समाजजनों ने दीक्षा दिवस भी श्रद्धा के साथ मनाया। यह अवसर त्याग, संयम और आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला रहा। दोपहर 12 बजे





से अन्नपूर्णा सेवा समिति में भव्य भोजन वितरण का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के पुण्यार्जक अंकेश जैन, वैभव जैन रहे। वहीं, शाम के भोजन की सेवा निर्मल कुमार, देवेंद्र कुमार, अनिल कुमार जैन, पीके परिवार को प्राप्त हुई। शरद पूर्णिमा के अवसर पर दोपहर 2 बजे नेहरू चौक पर सकल जैन समाज द्वारा खीर वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक निशंक जैन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गांधी चौक स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर द्वारा भी खीर वितरण किया गया। दिनभर चले धार्मिक एवं सेवा आयोजनों के समापन पर शाम को भगवान महावीर विहार में पूज्य आचार्य श्री की भव्य मंगल आरती की गई पश्चात वीर सागर पाठशाला के भैया बहनों द्वारा गुरुदेव के ऊपर सुंदर नाटिका का मंचन किया। तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा एक नाटक तैयार किया गया। उक्त जानकारी समाज के मंत्री सतीश जैन द्वारा दी गई।

चल समारोह में महर्षि और सीताजी की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती पर नगर में निकला भव्य चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

महर्षि बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकला और जगह जगह पुष्पवर्षा कर एवं महर्षि वाल्मिकी की आरती उतारकर चल समारोह का स्वागत किया गया। चल समारोह के समापन के बाद विशेष आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर में वाल्मिकी समाज द्वारा महर्षि की जयंती प्रतिवर्ष उत्साह और समारोह पूर्वक मनाई जाती है। इस वर्ष भी समाज के लोगों ने जयंती की तैयारियां पूर्व से ही शुरू कर दी थीं। सोमवार को महर्षि वाल्मिकी जयंती पर सुबह से ही पचमा बायपास रोड स्थित मंदिर की विशेष साज सज्जा के साथ पूजन अर्चन एवं आरती की गई। इसके बाद दोपहर में चल समारोह निकाला गया।

दोपहर बाद सिंधी कॉलोनी के पास वाल्मीकि मंदिर से चल समारोह प्रारंभ हुआ। मंदिर परिसर में भगवान वाल्मीकि जी की पूजा-अर्चना कर चल समारोह को रवाना किया गया। समारोह में सबसे अश्वारूढ युवक चल रहे थे। उनके पीछे डीजे की धार्मिक धुनों पर समाज के युवा थिरकते हुए शामिल रहे। चल समारोह में महर्षि वाल्मिकी और सीता जी की मनोहारी झांकी सजाई गई थी, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। चल समारोह वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर मिल रोड, स्टेशन रोड, नेहरू चौक, सुभाष चौक, जयस्तंभ चौराहा होते हुए त्योंदा रोड से वापस वाल्मीकि मंदिर पहुंचा, जहां विधिवत पूजन अर्चन के साथ चल समारोह का समापन हुआ। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और महर्षि वाल्मिकी की आरती उतारकर चल समारोह का स्वागत किया गया। नगर के कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों और दुकानदारों द्वारा शरबत और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मील रोड पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी, बलराम अहिरवार, सुदीप विश्वकर्मा, दीपक तिवारी सहित बडी संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। चल समारोह के समापन के बाद मंदिर में विशेष पूजन अर्चन के बाद प्रसादी वितरित की गई और शाम को भी भजन संगीत एवं धार्मिक आयोजन संपन्न कराए गए। वहीं समापन के बाद आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों ने महर्षि वाल्मीकि जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर समाज को नई दिशा दी। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। समारोह को सफल बनाने के लिए वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष, युवा संगठन और समस्त समाजजन ने व्यवस्था संभाली। चल समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद रहा।

मीलवाली माता मंदिर पर विशाल कन्या भोज का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवरात्रि पर्व के समापन के पश्चात शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के प्रसिद्ध प्राचीन मील वाली माता मंदिर पर विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में कन्याओं ने पहुंचकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की चहल-पहल रही और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। ज्ञात हो कि मील वाली माता मंदिर नगर का अत्यंत प्राचीन मंदिर है। कई वर्षों तक स्वर्गीय नारायण प्रसाद चतुर्वेदी ने मंदिर में निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं प्रदान की थीं। उनके पश्चात अब उनके उत्तराधिकारी अनिल चतुर्वेदी मंदिर की देखरेख एवं नित्य पूजा-अर्चना का कार्य तन-मन-धन से कर रहे हैं। मंदिर समिति द्वारा कई वर्षों से परंपरा अनुसार नवरात्रि के पश्चात शरद पूर्णिमा के दिन कन्या भोज का आयोजन किया जाता है। इस पुनीत कार्य में नगर के कई समाजसेवी एवं श्रद्धालुओं का सहयोग मिलता रहा है। इस अवसर पर कन्याओं को भोजन कराने के पश्चात चुनरी ओढ़ाकर, नगद राशि एवं फल वितरित किए गए। कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी पंडित अनिल चतुर्वेदी, राजेश खन्ना, अभिलाषा, सुरेश कुमार, मोहन दास, जगदीश, महेंद्र, राहुल, प्रदीप, महेश, चंद्र प्रकाश, मनीष, संदीप, धर्मेंद्र बाबू, हर्ष, चेतन मौजूद रहे।

चक्क हनुमान मंदिर में सुंदरकांड और बुंदेलखंडी भजनों की प्रस्तुत, नौलखी मंदिर में हुई भजन संध्या



गंजबासौदा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर वार्ड नंबर 13 चक्क हनुमान मंदिर और स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, ठाकुर जी की आरती और खीर प्रसादी वितरण के बीच श्रद्धालुओं ने पूर्णिमा की रात को भक्ति भाव के साथ मनाया। दोनों मंदिरों में करीब चार क्विंटल खीर प्रसादी का वितरण किया गया। नौलखी मंदिर में रात 9 बजे से भजन संध्या का आयोजन शुरू हुआ, जो रात 12 बजे तक चला। मंदिर परिसर में खुले आसमान के नीचे ठाकुर जी को आकर्षक सिंहासन पर विराजमान किया गया। पूर्णिमा की चांदनी और रोशनी से सजे ठाकुर जी के दरबार का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। भजन संध्या में कई भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु भजनों का आनंद लेते हुए ठाकुर जी के दर्शन करते रहे। रात बढ़ने के साथ ही मंदिर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात 12 बजे ठाकुर जी की आरती के साथ खीर का भोग अर्पित किया गया। वहीं चक्क हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।कार्यक्रम में लोक गायक सीताराम विश्वकर्मा की मंडली ने बुंदेलखंडी भजनों की प्रस्तुति दी। बुंदेली लोक संस्कृति से जुड़े भजनों ने आयोजन में विशेष रंग भर दिया। लोकभाषा में प्रस्तुत भजनों के माध्यम से भगवान के प्रति आस्था और समर्पण की भावना व्यक्त हुई। भजनों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु देर तक भक्ति रस में डूबे रहे। धार्मिक आयोजन के बाद मंदिर में खीर प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर करीब दो क्विंटल खीर तैयार की गई थी, जिसे श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। भक्तों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। मंदिर में देर तक धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

नगर में निकला पथ संचलन, अनुशासन और एकता का दिया संदेश



गंजबासौदा। नगर के टीटी जैन पाठशाला परिसर से सोमवार को शाम के समय पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन पाठशाला ग्राउंड से शुरू होकर, वार्ड नंबर 11 से होते हुए त्योंदा रोड पहुंचा। त्योंदा रोड से पचमा बाईपास होते हुए बाल्मीकि मंदिर की परिक्रमा करते हुए मिल रोड से वापिस पाठशाला ग्राउंड पहुंचा जहां पथ संचलन का समापन किया गया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने कतारबद्ध होकर कदम से कदम मिलाते हुए अनुशासन का परिचय दिया। घोष की धुन पर निकले इस पथ संचलन को देखने के लिए नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन का उद्देश्य समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश देना था। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में संगठन और सेवा भावना का विकास होता है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

देहात थाना पुलिस ने की कार्रवाई

कार में तोड़फोड़ करने वाले पांच आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में देहात थाना पुलिस द्वारा वाहन में तोड़फोड़ के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए पाँच आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। दिनांक 20 अक्टूबर को पत्रकार अनुज शर्मा की फॉर्च्यूनर कार के काँच में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपियों की पतारसी के लिए लगातार प्रयास किए गए। घटनास्थल से प्राप्त जानकारी एवं उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर पाँच व्यक्तियों की पहचान की गई तथा प्रकरण में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

इन लोगों पर हुई कार्रवाई

1. मोहित उम्र 26 वर्ष, निवासी पचमा रोड
2. रोहित उम्र 21 वर्ष, निवासी पचमा रोड
3. भोला उम्र 30 वर्ष, निवासी राजेन्द्र नगर
4. प्रशांत उम्र 43 वर्ष, निवासी गणेशपुरा, पचमा रोड
5. सोमिल उम्र 33 वर्ष, निवासी हरि इच्छा कॉलोनी शामिल हैं।

मुख्य मार्गों पर दिन भर लगा रहा जाम

गंजबासौदा। विगत दो दिनों से नगर के पचमा बायपास मार्ग पर दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही। जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया, बस, ट्रेक्टर, ट्राली, डंपर सहित अन्य वाहनों की आवाजाही होती है। यातायात का अधिक दबाव होने से मार्ग पर वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित होती है। इन दिनों उक्त मार्ग पर नाला निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जिस कारण भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान वाहन के मार्ग पर फंस जाने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सोमवार को सुबह से लेकर शाम तक कई बार जाम लगा। जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

युवाओं की ऊर्जा को मिला मंच, अनुभवों को बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

युवाओं को एक ऐसा सुरक्षित और सहज स्थान उपलब्ध कराना, जहाँ वे बिना किसी झिझक या डर के अपने विचारों, भावनाओं, अनुभवों और चुनौतियों को साझा कर सकें तथा अपनी पहचान और क्षमताओं को समझते हुए समाज में समावेशी बदलाव के वाहक बन सकें। इसी उद्देश्य के साथ 'युवा सम्मेलन 2026' का आयोजन किया गया। युवा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पिछले एक वर्ष से संस्थान से जुड़े युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करना था, जिसके माध्यम से वे संस्थान से जुड़ने के बाद अपने एक वर्ष के सफर, सीख, अनुभवों, उपलब्धियों और अपनी कहानियों को अन्य युवाओं एवं समुदाय के लोगों के साथ साझा कर सकें। यह मंच युवाओं के लिए केवल अपनी उपलब्धियाँ बताने का अवसर नहीं था, बल्कि अपने डर, झिझक, चुनौतियों और भावनाओं को व्यक्त करने तथा एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का सहज वातावरण भी बना। प्रत्येक युवा के भीतर अपनी क्षमताओं को पहचानने, निर्णय लेने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की संभावना होती है। इसके लिए जरूरी है कि युवाओं को ऐसा सुरक्षित स्थान मिले, जहाँ उनकी बातों को सुना जाए, उनके विचारों का सम्मान हो और वे बिना किसी भेदभाव के स्वयं को अभिव्यक्त कर सकें। ऐसे वातावरण में युवा धीरे-धीरे अपने संकोच और डर को दूर करते हुए आत्मविश्वास विकसित कर सकते हैं तथा अपने जीवन और समुदाय से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। सम्मेलन में नगर के हितधारकों, मोहित पूरी, स्वावलंबन फाउंडेशन एवं संजय विश्वास ने भी सहभागिता की। उपस्थित अतिथियों ने युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें युवालय से जुड़े रहने, विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने और अपने भविष्य के लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दीं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नुक्कड़ नाटक और मंच संचालन जैसी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर युवालय से जुड़कर एक वर्ष की यात्रा पूरी करने वाले तथा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहभागिता करने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी निरंतर सहभागिता, सीखने की प्रक्रिया, प्रयासों और उपलब्धियों को पहचान देने के साथ-साथ उन्हें आगे भी अपने समुदाय में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करने का माध्यम बना।



खबर संक्षेप

संजोग समिति के द्वारा खीर वितरण कार्यक्रम आयोजित

सागर। संजोग समिति के द्वारा खीर वितरण का कार्यक्रम कटरा बाजार में किया गया। समिति के अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया प्रतिवर्ष खीर वितरण होती है आज लगभग 4000 से अधिक लोगों को खीर वितरण आचार्य श्री विद्यासागर महाराज और आचार्य श्री समय सागर महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में कराया गया। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। गुजराती बाजार में राजेंद्र टोनी केसली परिवार के द्वारा खीर वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जबकि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अर्हम के द्वारा चकराघाट पर खीर वितरण का कार्यक्रम कराया गया।

158 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 28 अक्टूबर को

सागर। गवर्नमेंट स्कूल के 200 साल (द्विशताब्दी) वर्ष की पूर्णता को स्मरण के साथ एवं डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 158 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 28 अक्टूबर दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच, बी एम डी तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 27 अक्टूबर तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

पाठशाला के बच्चों के साथ गौशाला में सेवा

सागर। संत शिरोमणि जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के अव तरण दिवस के उपलक्ष्य मे गुरुकृपा पात्र संघ के द्वारा शास्त्री वार्ड पाठशाला के लगभग 70 बच्चों को साथ गौ सेवा आहार दान एवं सभी बच्चो का अल्पाहार गौशाला मै कराया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

गोरिल्ला और भालू के रूप में कलाकारों ने किया नृत्य, कुशवाह समाज ने पुष्पवर्षा से किया अभिनंदन







हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

महर्षि वाल्मीकि जयंती सोमवार को नगर में हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि की आकर्षक झांकी, सुसज्जित रथ, डीजे की धुन पर नृत्य करते युवा, हाथों में ध्वजा लेकर चलते श्रद्धालु और बड़ी संख्या में शामिल समाजजन आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा के दौरान गोरिल्ला और भालू की वेशभूषा में कलाकारों ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों पर सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों सहित नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर भगवान महर्षि वाल्मीकि की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की गई। पूरे नगर में धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्सव का माहौल दिखाई दिया।

वाल्मीकि मंदिर से हुआ शोभायात्रा का शुभारंभ

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ बामोरा रोड स्थित भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर से हुआ। यहां से शोभायात्रा नगर के कस्टम पथ, कठाली बाजार, सराफा बाजार, चांदनी चौक, राज बाजार, कोट गेट, नगर पालिका, हाजीपुर, बासौदा नाका, लिंक रोड और छत्री नाका सहित प्रमुख मार्गों से होकर निकली। शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे और विभिन्न वाद्ययंत्रों की धुन के साथ श्रद्धालु चल रहे थे। वहीं घोड़ों पर सवार श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर चल रहे थे। उनके पीछे सैकड़ों की संख्या में समाजजन भगवान महर्षि वाल्मीकि के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भजनों की धुन पर भक्ति भाव से झूमते नजर आए। समाज के युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। वहीं महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। महर्षि वाल्मीकि के चित्र और आकर्षक झांकी से सुसज्जित रथ शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहा था। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा पुनः वाल्मीकि मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

आकर्षक झांकी ने मोहा मन जगह-जगह उतारी आरती

शोभायात्रा में वाल्मीकि सेवा समिति द्वारा सजाई गई भगवान महर्षि वाल्मीकि की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकी को देखने के लिए नगरवासियों में उत्सुकता दिखाई दी। भगवान महर्षि वाल्मीकि की सुसज्जित प्रतिमा और धार्मिक स्वरूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शोभायात्रा जिस मार्ग से होकर गुजरी, वहां लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों और चौक-चौराहों पर स्वागत की व्यवस्था की। श्रद्धालुओं ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की आरती उतारी और पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर शोभायात्रा में शामिल समाजजनों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। लोगों ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जगह-जगह हुए स्वागत से शोभायात्रा में शामिल लोगों का उत्साह और बढ़ गया।



डीजे की धुन पर थिरके युवा, गोरिल्ला और भालू के नृत्य ने किया आकर्षित

शोभायात्रा में डीजे, ढोल-नगाड़ों और अन्य वाद्ययंत्रों की धुन ने उत्साह का माहौल बना दिया। युवा डीजे की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए। भगवान महर्षि वाल्मीकि के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच युवाओं ने नृत्य कर जयंती के उत्सव को और उल्लासपूर्ण बना दिया। वहीं गोरिल्ला और भालू की वेशभूषा में पहुंचे कलाकारों ने अपने आकर्षक नृत्य से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखने के लिए जगह-जगह लोग रुककर शोभायात्रा का आनंद लेते दिखाई दिए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में शोभायात्रा को लेकर उत्साह नजर आया। सुसज्जित रथ, ध्वजा लिए श्रद्धालु, नृत्य करते युवा और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों और नगरवासियों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत स्थलों पर श्रद्धालुओं ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की आरती उतारी और पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर स्वागत की व्यवस्थाएं की गई थीं। शोभायात्रा में शामिल समाजजनों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर में जगह-जगह धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव की झलक देखने को मिली। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने एकजुट होकर भागीदारी की। आयोजन ने नगर में सामाजिक एकता और धार्मिक उत्साह का संदेश दिया।

बड़ चौराहे पर प्रांतीय कुशवाह समाज ने किया भव्य स्वागत

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का नगर के बड़ चौराहे पर प्रांतीय कुशवाह समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की झांकी पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धा व्यक्त की और शोभायात्रा में शामिल समाजजनों का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में प्रांतीय कुशवाह समाज के संरक्षक कमलेश कुमार कुशवाह, तहसील अध्यक्ष मुकेश कुशवाह, महामंत्री मनोज कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, भारत सिंह कुशवाह और रामबाबू कुशवाह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कुशवाह समाज द्वारा किए गए स्वागत से शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया।

वाल्मीकि मंदिर में महाआरती, सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर बामोरा रोड स्थित भगवान महर्षि वाल्मीकि समाज मंदिर में वाल्मीकि समाज के तत्वावधान में महाआरती, सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने महाआरती में सहभागिता कर भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इसके बाद सुंदरकांड पाठ में भी समाजजनों ने भाग लिया। मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। आयोजन के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। जयंती के अवसर पर मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में समाज के लोगों की सहभागिता देखने को मिली।

श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई शोभायात्रा

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि की आकर्षक झांकी, भक्ति गीतों पर नृत्य करते युवा, ध्वजा लेकर चलते श्रद्धालु और जगह-जगह हुए स्वागत ने आयोजन को विशेष बना दिया। वहीं मंदिर में महाआरती, सुंदरकांड पाठ और भंडारे के माध्यम से जयंती को धार्मिक स्वरूप प्रदान किया गया। समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई। नगर में निकली शोभायात्रा के दौरान धार्मिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और उत्सव का वातावरण बना रहा।

पांच या कम विद्यार्थियों वाले 58 स्कूलों में भी जारी पढ़ाई

प्रत्येक विद्यालय में दो शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिमाह एक लाख तक हो रहा व्यय

आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मिल रहा सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में पांच या उससे कम विद्यार्थियों वाले 58 शासकीय विद्यालयों में भी नियमित शिक्षण कार्य जारी है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने इन विद्यालयों में प्रत्येक बच्चे को शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो-दो शिक्षकों की नियुक्ति की है। जिला जनसंपर्क कार्यालय के अनुसार इन विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या कम होने के बावजूद पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। इन विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों पर प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपए तक व्यय किया जा रहा है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित परिवारों से आते हैं। उनके अभिभावकों के लिए निजी विद्यालयों की फीस वहन करना मुश्किल है। ऐसे में शासकीय विद्यालय ही उनकी शिक्षा का प्रमुख माध्यम हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से कम विद्यार्थी संख्या वाले विद्यालयों में भी शिक्षण व्यवस्था जारी रखी गई है, ताकि बच्चों को शिक्षा के समान अवसर मिल सकें। प्रशासन के अनुसार इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है, जिससे वे आगे चलकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें।

विधिक संगोष्ठी में अपर सत्र न्यायाधीश ने पुलिस विवेचकों को दिए कानूनी दिशा-निर्देश

विवेचना के विधिक पहलुओं पर थाना कुरवाई में कार्यशाला आयोजित, साक्ष्य संकलन एवं न्याय प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत हुए पुलिस अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

थाना कुरवाई परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत विधिक जागरूकता संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम उपस्थित हुए। उन्होंने थाना कुरवाई के विवेचकों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपराधिक प्रकरणों की विवेचना से संबंधित विभिन्न विधिक पहलुओं, कानूनी प्रावधानों तथा न्यायिक प्रक्रिया की बारीकियों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

संगोष्ठी के दौरान विवेचना की प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन एवं कानून से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। पुलिस स्टाफ द्वारा पूछे गए प्रश्नों का न्यायाधीश आनंद गौतम ने सरल एवं स्पष्ट तरीके से समाधान किया। साथ ही विवेचना में पारदर्शिता बनाए रखने, तकनीकी साक्ष्यों के महत्व को समझने तथा वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुरवाई रोशनी सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा सहित थाना कुरवाई का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

विधिक संगोष्ठियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को कानून की बारीकियों को समझने, विवेचना की गुणवत्ता में सुधार करने तथा प्रकरणों में विधिसम्मत कार्रवाई करने में सहायता मिलती है।

स्वामित्व योजना से मिला भू-अधिकार, अब मिलेगा योजना का लाभ

विदिशा। स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्र के भू-धारकों को उनके भूखंड का विधिवत अधिकार प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजना के तहत ग्राम पंचायत त्योदा के भू-धारक हितग्राही श्री दर्पण नामदेव और श्री सोनू साहू को उनके भूखंड का भू-अधिकार प्राप्त हुआ। भू-अधिकार मिलने के बाद उनके भूखंड की रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण हुई। अब वे अपने स्वामित्व वाले भूखंड पर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, भूखंड के वैध दस्तावेज उपलब्ध होने से आवश्यकता पड़ने पर बैंक से ऋण प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। इससे उन्हें आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में मदद मिलेगी। हितग्राहियों ने स्वामित्व योजना के माध्यम से भू-अधिकार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपने भूखंड का अधिकार और उसके वैध दस्तावेज मिलना उनके लिए आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

ट्रांसफार्मर खराब होने पर किसान सीधे डिपो न जाएं: कैलाश रघुवंशी

बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद अपील, पहले ट्रांसफार्मर की उपलब्धता की पुष्टि करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रबी सीजन में खेतों की सिंचाई और पलेवा का काम तेज होने के साथ बिजली की मांग बढ़ रही है। ऐसे में ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में किसानों को होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने किसानों से विशेष अपील की है।



उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसे सीधे विदिशा या अन्य डिपो ले जाने से पहले संबंधित विद्युत अधिकारियों से संपर्क कर उसकी उपलब्धता की जानकारी जरूर लें।रघुवंशी के अनुसार, कई बार ट्रांसफार्मर खराब होने पर किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली या किराए के वाहन से उसे डिपो पहुंचा देते हैं, लेकिन वहां तत्काल व्यवस्था नहीं होने से उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी परिस्थितियों में किसानों को अनुचित मांगों या परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।पहले अधिकारियों से करें संपर्ककैलाश रघुवंशी ने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के संबंध में हाल ही में विद्युत विभाग के जीएम और डीजीएम के साथ बैठक की गई है।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर सबसे पहले सहायक इंजीनियर गोपाल मेशराम से मोबाइल नंबर 6232913827 पर संपर्क करें। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर (जेई) या सुपरवाइजर से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर की उपलब्धता और उसे बदलने की व्यवस्था की पुष्टि होने के बाद ही किसान डिपो के लिए रवाना हों। इससे अनावश्यक भागदौड़ और खर्च से बचा जा सकेगा।

मानोरा में तरल अमोनिया से बेहतर नाइट्रोजन प्रबंधन का प्रदर्शन, 300 एकड़ में होगा प्रयोग

यूरिया के विकल्प के रूप में नई तकनीक का प्रदर्शन, किसानों को मिलेगी आधुनिक कृषि की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के मानोरा में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और नाइट्रोजन प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ग्राम मनोरा में किसान शैलेंद्र रघुवंशी के खेत पर तरल अमोनिया के उपयोग का फील्ड डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग, कृषि वैज्ञानिकों और संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर तकनीक की जानकारी दी।कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि सचिन जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल, कृषि वैज्ञानिक जितेंद्र सिंह, महानिदेशक सीआईएई भोपाल तथा एसीएमई कंपनी के रविंद्र धाकड़ उपस्थित



रहे। वहीं आईटीसी मिशन सुनहरा कल की टीम से बृजेश सिंह किरार, शिवराज सिंह, महेंद्र रघुवंशी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि तरल अमोनिया में लगभग 82 प्रतिशत नाइट्रोजन होता है, जबकि यूरिया में 46 प्रतिशत नाइट्रोजन पाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान ट्रैक्टर माउंटेड अमोनिया इंजेक्टर मशीन का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया। मशीन की पूजा-अर्चना कर प्रदर्शन का शुभारंभ हुआ। इस तकनीक के संभावित लाभों, नाइट्रोजन के बेहतर उपयोग और खेती की लागत कम करने की संभावनाओं पर जानकारी दी गई। इस क्षेत्र में लगभग 250 से 300 एकड़ भूमि पर प्रदर्शन के तहत प्रयोग किया जाना प्रस्तावित है। आयोजकों के अनुसार फिलहाल किसानों से इस प्रदर्शन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है।

स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

एकता और राष्ट्रसेवा का संदेश लेकर मुख्य मार्गों से गुजरे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

दशहरा पर्व क उपलक्ष्य के अवसर पर सोमवार को ग्यारसपुर में स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का शुभारंभ ग्यारसपुर तहसील मैदान से हुआ। इसके बाद स्वयंसेवक नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरे। और नगर वासियों के द्वारा जगह-जगह स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्पों की वर्षा की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और संगठनात्मक भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में संभाग स्तरीय अधिकारियों का मार्गदर्शन एवं बौद्धिक प्राप्त हुआ। अधिकारियों ने राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि रखते हुए समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने



का संदेश दिया। पथ संचलन का उद्देश्य समाज में एकता, समरसता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना रहा। आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। स्वयंसेवकों का यह संचलन सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता का संदेश देता नजर आया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर की थी मंदिर निर्माण की घोषणा

16 महीने बाद भी अधूरी घोषणाः महलपुर पाठा में श्री राधा-कृष्ण-रुक्मणी लोक का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन





मध्यप्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और ऐतिहासिक मंदिरों को विकसित करने के दावों के बीच गैरतगंज तहसील के महलपुर पाठा स्थित प्राचीन श्री राधा-कृष्ण-रुक्मणी मंदिर की अनदेखी का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित समारोह में यहां राधा-कृष्ण-रुक्मणी लोक बनाने की घोषणा की थी। करीब एक साल चार महीने बीतने के बावजूद मंदिर के भव्य निर्माण और विकास का काम शुरू नहीं हो सका है। इससे मंदिर समिति से जुड़े सेवादारों और ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि घोषणा के बाद कुछ समय तक हलचल रही, अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया, लेकिन अब तक नतीजा सिफर है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव की घोषणा के बाद मंदिर के विकास की उम्मीद जगी थी। विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, तत्कालीन कलेक्टर, एसडीएम और लोक निर्माण विभाग सहित अन्य अधिकारियों ने मंदिर परिसर का दौरा कर निरीक्षण किया था। इससे ग्रामीणों को लगा था कि जल्द ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी और जंगल के बीच स्थित इस प्राचीन धार्मिक स्थल को नई पहचान मिलेगी। लेकिन निरीक्षण के बाद न तो निर्माण शुरू हुआ और न ही ग्रामीणों को आगे की प्रक्रिया के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी मिली। मंदिर के महंत श्री श्री 108 अमृत दास त्यागी महाराज को मंदिर समिति का संरक्षक बनाया गया है। उनके सानिध्य में मंदिर में पिछले 16 साल से यहां श्री सीताराम संकीर्तन चल रहा है। वहीं, खंडेरा सिरसौदा स्थित विजयसुर धाम में भी पिछले सात साल से रामनाम संकीर्तन किया जा रहा है।

ग्रामीण कालूराम रावत, भैयालाल बंजारा, पूर्व सरपंच रामस्वरूप इमने, प्रयाग सिंह ठाकुर, मंशाराम बंजारा, गनपत सिंह, नीतेश राय, तुलसा बाई धाकड़ और हरि सिंह धाकड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अपनी घोषणा पूरी करनी चाहिए। उनके अनुसार, मंदिर का विकास होने से क्षेत्र की धार्मिक पहचान बढ़ेगी और श्रद्धालुओं की आवाजाही के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

728 साल पुराना बताया जाता है मंदिर, एक ही पत्थर पर उकेरीं तीन प्रतिमाएं

महलपुर पाठा का यह मंदिर अपनी प्राचीनता और प्राकृतिक परिवेश के कारण खास माना जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, मंदिर करीब 728 साल पुराना है। जंगल की हरियाली और शांत वातावरण के बीच स्थित मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण, राधा और रुक्मणी की प्रतिमाएं एक ही पत्थर पर उकेरी गई हैं। भारत देश में यह अनोखा विरला मंदिर है। जिसमें श्रीकृष्ण राधा के संग रूक्मणी विराजित हैं। मंदिर के पुजारी पंडित प्रकाश शुक्ला के अनुसार, बुजुर्गों से मिली जानकारी के मुताबिक पहले प्रतिमाएं एक छोटी-सी मढ़िया में स्थापित थीं। वर्ष 1960 में यहां मंदिर का निर्माण कराया गया। ग्रामीणों का मानना है कि यदि मंदिर तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़क, परिसर का सौंदर्यीकरण, पेयजल, प्रकाश और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएं तो यह धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन सकता है। प्राकृतिक सुंदरता और मंदिर की ऐतिहासिक पहचान के कारण इसे वृंदावन की तर्ज पर विकसित करने की मांग भी उठ रही है। महलपुर पाठा मंदिर से कुछ दूरी पर एक पुराने किले के अवशेष मौजूद हैं। इसकी दीवारों और मीनारों के बचे हुए हिस्से क्षेत्र के पुराने इतिहास की याद दिलाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कभी यहां महल था, जिसके नाम पर गांव का नाम महलपुर पाठा पड़ा। बताया जाता है कि दबे खजाने की तलाश में लोगों ने किले के परिसर में जगह-जगह खुदाई की, जिससे ऐतिहासिक अवशेषों को नुकसान पहुंचा। मंदिर के पास स्थित प्राचीन बावड़ी से भी कई लोककथाएं जुड़ी हैं। बुजुर्गों और पंडित दामोदर व्यास व राजेश व्यास देवनगर के अनुसार, मान्यता है कि यहां श्रद्धालुओं को चांदी के बर्तनों में भोजन कराया जाता था और भोजन के बाद बर्तन बावड़ी में रखकर पत्थर से ढक दिए जाते थे।

अब घोषणा नहीं, जमीन पर काम देखने की उम्मीद

महंत अमृत दास महाराज का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सार्वजनिक मंच से मंदिर के विकास की घोषणा की थी, इसलिए अब उस पर अमल होना चाहिए। ग्रामीणों की मांग है कि शासन मंदिर निर्माण की समयसीमा स्पष्ट करे और किले-बावड़ी सहित पूरे क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण की योजना बनाए। उनका कहना है कि महलपुर पाठा में संभावनाओं की कमी नहीं, जरूरत सिर्फ सरकारी घोषणा को जमीन पर उतारने की है।

इनका कहना है...

मैं जल्द ही महलपुर पाठा के श्री कृष्ण रूक्मणी मंदिर के दर्शन करने अधिकारियों की टीम के साथ जाऊंगा। मंदिर के विकास पर्यटन धार्मिक दृष्टि से जितना अधिक से अधिक विकास होगा कराया जाएगा।

रोहित सिसोनिया, कलेक्टर रायसेन

एसडीएम 15 से 20 दिन तक रोजाना करेंगे निगरानी

कलेक्टर ने बिजली आपूर्ति की समीक्षा की, कहा- किसानों को शेड्यूल के मुताबिक मिले बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



शहर सहित जिले में किसानों को खेती के लिए निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने और बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने दिए हैं। सोमवार को बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्होंने बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही जिले के सभी एसडीएम को आगामी 15 से 20 दिनों तक प्रतिदिन अपने क्षेत्र में बिजली विभाग के कामकाज और आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को तय समय-सारणी के अनुसार बिजली मिलनी चाहिए, ताकि सिंचाई और अन्य कृषि कार्य प्रभावित न हों। यदि किसी अपरिहार्य कारण से बिजली आपूर्ति के समय में बदलाव करना जरूरी हो तो किसानों को इसकी सूचना पहले से दी जाए। इससे किसान अपनी कृषि गतिविधियों की योजना समय पर बना सकेंगे और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

तकनीकी खराबी आने पर तुरंत पहुंचे अमला

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं को प्राथमिकता से दूर किया जाए। कहीं भी बिजली लाइन, ट्रांसफार्मर या अन्य तकनीकी कारणों से आपूर्ति बाधित होने पर विभागीय अमला तत्काल मौके पर पहुंचे और जल्द से जल्द सुधार कार्य पूरा करे। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

एसडीएम रोजाना करेंगे समीक्षा

कलेक्टर सिसोनिया ने सभी एसडीएम को अपने-अपने विकासखंडों में आगामी 15 से 20 दिनों तक प्रतिदिन बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान बिजली आपूर्ति की स्थिति के साथ किसानों और आम उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की भी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विभागीय अधिकारी और मैदानी अमला जिम्मेदारी से काम करें, ताकि किसानों को खेती के समय बिजली के लिए परेशान न होना पड़े और आम उपभोक्ताओं को भी सुचारू आपूर्ति मिल सके।

जितेंद्र राठी की स्मृति में हुआ रक्तदान शिविर

पति-पत्नी के आठ जोड़ों ने किया रक्तदान 120 यूनिट रक्त का हुआ संकलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

गुरुकुल स्कूल परिवार द्वारा स्वर्गीय जितेंद्र राठी की 11वीं पुण्यतिथि के स्मृति दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सुबह से लेकर देर शाम तक चले इस शिविर में नगर और ग्रामीण अंचल सहित अन्य स्थानो से आये युवाओं, महिलाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और मानवता की सेवा का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुआ शुभारंभ में उदयपुर से आए प्रदीप मालानी और रमाकांत राठी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्व जितेंद्र राठी के चित्र पर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान तीन प्रमुख अस्पतालों की विशेषज्ञ टीमों ने कमान संभाली।

रक्तदान शिविर को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इसमें गांधी मेडिकल कॉलेजझहमीदिया अस्पताल (भोपाल) का ब्लड बैंक, जिला चिकित्सालय रायसेन का रक्तकोष तथा सिविल अस्पताल बरेली की संयुक्त विशेषज्ञ टीमों ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ ने दाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच के उपरांत ही रक्तदान संपन्न कराया। इस दौरान शिविर में दिनभर चले रक्तदान महाअभियान के दौरान कुल 120 यूनिट रक्त का सफल संकलन किया गया।

पति-पत्नी युगल बने रक्तदाता

इमरान खान-समीना खान, नंदकिशोर-रागिनी शर्मा, गिरिराज-संध्या चांडक, गोविन्द-पूजा राठी, रविन्द्र-ऋतू भूतड़ा, अखिलेश-प्रीती सोनी (इंदौर), सुधीर-विनीता पटेल, प्रशांतझसोनिया राठी, अमितझपल्लवी राठी, अंशुलझअवनी राठी तथा एक ही परिवार के सदस्यों अवनीत जैन, मैत्री जैन, शुभ जैन, विनीत जैन ने भी एक साथ रक्तदान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

प्रत्येक रक्तदाता को डोनर कार्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया



आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को अधिकृत डोनर कार्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्ड के माध्यम से रक्तदाता अथवा उनके परिवार को आगामी एक वर्ष के भीतर आपात स्थिति में 1 यूनिट रक्त निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही राठी परिवार की ओर से सभी रक्तदाताओं को स्मृति उपहार और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक-एक पौधा भेंट कर उनके रोपण का संकल्प दिलाया गया।



शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में हुए शरदोत्सव पर भजन कार्यक्रम

बरेली। नगर एवं क्षेत्र में शरद पूर्णिमा पर प्राचीन श्री मंदिर सहित अन्य मंदिरों में शरदोत्सव पर भजन इत्यादि कार्यक्रम हुए। मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में शरद पूर्णिमा की रात्रि में ब्रह्मचारी द्वारा तैयार की गई दिव्य आयुर्वेदिक औषधि खीर में मिलाकर दमा स्वास के रोगियों को खिलाई गई। शरद पूर्णिमा पर बापौली धाम हनुमान गढ़ी मंदिर श्रीजी मंदिर में विशेष कार्यक्रम के आयोजन में श्रद्धालु नर नारियों की भारी उपस्थिति रही। पूज्य ब्रह्मचारी जी द्वारा शरद पूर्णिमा मनाए जाने के धार्मिक महत्व के विषय में विस्तार से उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी।

शरद पूर्णिमा पर उपवास रखकर महिलाओं द्वारा तुलसी माता और भगवान विष्णु की विशेष पूजन के साथ मावा के छह लड्डू अर्पित किए गए। परिवारों में खीर बनाकर खुले आसमान में चंद्रमा की चांदनी में रखे जाने की भी परंपरा निभाई गई। अमावस्या पूर्णिमा और विशेष धार्मिक त्योहारों पर नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाने की परंपरा बनी हुई है। शरद पूर्णिमा पर हजारों नर नारियों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर स्नान किया और दान पुण्य परंपरा को निभाया गया।

नर्मदा तट मांगरोल में दमा रोगियों को खिलाई गई दिव्य औषधि

जिले में धीरे-धीरे बढ़ रही ठंड

नर्मदापुरम। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में प्रवेश करते ही मौसम का मिजाज बदलने लगा है। हालांकि दिन में धूप अभी भी तेज रहती है, लेकिन सुबह टहलने निकले लोगों और देर शाम को ठंडी हवाओं के झोंकों से सिहरन महसूस होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान में क्रमिक गिरावट दर्ज की जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि सर्दियों का मौसम अब धीरे-धीरे दस्तक दे रहा है।

जिले के गैरतगंज, बाड़ी, सुल्तानपुर जोड़ और रायसेन में जांच

त्योहारों से पहले खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य अमले ने मारे छापे, मिलावटी दूध से मावा तक लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



दीपावली, करवा चौथ पर्व सहित आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर रोहित सिसोनिया के सख्त आदेश पर 23 और 24 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिले की तहसील गैरतगंज, बाड़ी, सुल्तानपुर जोड़ और रायसेन के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर मिलावटी दूध, तेल, मावा, मिठाई, नमकीन सहित कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। सभी नमूनों को उनकी गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि गैरतगंज के संगम किराना से मिलावटी दूध और मैदा, अमूल एजेंसी से नमकीन, मयंक किराना से तेल और मिल्क पाउडर तथा संजय किराना से रसगुल्ला और नमकीन के नमूने लिए। बाड़ी स्थित नेमा स्वीट से मावा और कलाकंद, जबकि ओम नेमा स्वीट से मावा पेड़ा और सोहन पपड़ी के नमूने संग्रहित किए गए।इसी तरह सुल्तानपुर जोड़ स्थित मिडवे ट्रीट से पोहा और आटे के नमूने लिए गए। जांच के दौरान पोहा के पैकेट पर पैकिंग और अवसान तिथि स्पष्ट नहीं मिली। रायसेन के रवि स्टोर से लो फैट डेयरी व्हाइटनर और चायपत्ती के नमूने भी जांच के लिए भेजे गए हैं।

रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नमूनों की गुणवत्ता और मिलावट की स्थिति के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। अचानक हुई छापेमार कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

चलित प्रयोगशाला ने 45 नमूने जांचे

जांच अभियान के दौरान चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से सांची और गैरतगंज में खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। कारोबारियों को मिलावट पहचानने के आसान तरीके भी बताए गए। चलित प्रयोगशाला से 45 नमूने लेकर मौके पर प्राथमिक जांच की गई। विभाग के मुताबिक, ये सभी नमूने प्राथमिक परीक्षण में मानक स्तर के पाए गए। हालांकि, मौके पर की गई प्राथमिक जांच और प्रयोगशाला की विस्तृत जांच अलग-अलग होती हैं।खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकेट पर लिखी निर्माण तिथि, अवसान तिथि और अन्य जानकारी जरूर पढ़ें। सामान का पक्का बिल लें और संदिग्ध खाद्य पदार्थों की खरीद से बचें। गैरतगंज में कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कीर्ति मालवीय शामिल रहीं। अन्य कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र नुनइयां ने संपादित की।

श्रद्धालुओं ने जगह जगह शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर किया जोरदार स्वागत

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर डीजे ढोल नगाड़ों के साथ निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



सोमवार को सकल वाल्मीकि समाज के बैनर तले महर्षि वाल्मीकि की जयंती श्रद्धाभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाई। सोमवार की शाम वाल्मीकि समाज के मंदिर गवोईपुरा वार्ड 6 से महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर डीजे ढोलनगाड़ों ताशे के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के दुर्गा चौक, पुराना बस स्टैंड, वीर शिवाजी चौक से होते हुए भारत माता चौराहे से होकर नगर पालिका कार्यालय रायसेन से महामाया चौक सागर भोपाल तिराहे से वापस गवोईपुरा पहुंच समाप्त हुई।

शोभायात्रा में गुरिल्ला डांस और घोड़ा बग्घी में रथ पर सवार महर्षि बाल्मीकि जी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन चरित्र आदर्शों को याद किया गया। डीजे ढ़ोलनगाड़ों की थापों पर बाल्मिकी समाज के युवा युवतियों ने जमकर नृत्य किया। महर्षि वाल्मीकि मंदिर गवोईपुरा में आयोजित कार्यक्रम में विजयराम लोहट, बाल न्यायालय बोर्ड के अध्यक्ष आदित्य चावला, पार्षद नेहा चावला, अनिल लोहट, भगवान दास, विकास लोहट, प्रभात चावला ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

फूल बरसाकर किया स्वागतः भारत माता चौराहे पर कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनोज रानी कुशवाह, बारेलाल सूर्यवंशी खेमचंद गौर, सूर्या सेन, राकेश मालवीय, बबलू वर्मा ने महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा पर फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया। इसी तरह नपा परिषद कार्यालय भवन के सामना नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, पार्षद कैलाश वीरेंद्र ठाकुर, महेश लोधी नरेश मालवीय वगैरह ने भी फूल बरसाकर किया जोरदार स्वागत।

ओवरलोड डंपरों की अंधी रफ्तार से ग्रामीणों की जान जोखिम में

धूल के गुबार में कैद सिलवानी-उदयपुरा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



सिलवानी-उदयपुरा स्टेट हाईवे-44 पर ओवरलोड डंपरों की अंधी रफ्तार और उनसे उड़ती धूल ने ग्रामीणों के सुरक्षित आवागमन को खतरे में डाल दिया है। भारी वाहन गुजरते ही सड़क पर धूल का ऐसा गुबार छा जाता है कि सामने से आने वाला वाहन तक दिखाई नहीं देता। महीनों से जारी इस समस्या पर न प्रभावी कार्रवाई नजर आ रही है और न ही धूल रोकने के ठोस इंतजाम। शासन-प्रशासन की सड़क सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के दावों के बीच जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

सिलवानी-उदयपुरा मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले ग्रामीणों, बाइक सवारों और अन्य वाहन चालकों के लिए सफर जोखिम भरा बन गया है। तेज रफ्तार से निकलते डंपरों के पीछे धूल का घना गुबार उठता है। दृश्यता कम होने से दोपहिया वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाकर रुकना पड़ता है। पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में जरा-सी चूक गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। धूल से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, वहीं सड़क पर सुरक्षित चलना भी चुनौती बन गया है।

जिम्मेदार विभागों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर है। यदि बड़े वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल लेकर चल रहे हैं तो उनकी नियमित जांच क्यों नहीं हो रही। तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी किसकी है। सड़क पर उड़ती धूल रोकने के लिए पानी का नियमित छिड़काव क्यों नहीं कराया जा रहा। महीनों से बनी स्थिति के बावजूद ठोस कदमों का अभाव जिम्मेदार विभागों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। सड़क सुरक्षा केवल अभियान चलाने या कागजी निर्देश जारी करने से सुनिश्चित नहीं होती, इसके लिए मौके पर कार्रवाई और उसकी नियमित निगरानी जरूरी है।

हादसे से पहले जागना जरूरी

ग्रामीण शिवनारायण ठाकुर, मिथलेश कुमार, उमाकांत सिंह और तुंगम सिंह ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि डंपरों की नियमित जांच हो, ओवरलोडिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और गति सीमा का पालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव कर धूल उड़ने की समस्या पर नियंत्रण किया जाए। अब शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने स्पष्ट चुनौती है कि वे ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं या समस्या को इसी तरह नजरअंदाज करते रहेंगे। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए और कोई गंभीर दुर्घटना हुई, तो जवाबदेही से बचना आसान नहीं होगा।